आईआईएम राँची में एमबीए एग्जीक्यूटिव का बैच शुरू

कैंपस जागरण

35 आवेदकों का चयन एमबीए (एग्जीक्यूटिव) कोर्स के लिए आइआइएम रांची में हुआ है। जबकि, 187 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

नए अवसरों के लिए रचनात्मक सोच जरूरी : प्रो. राजीव

आइआइएम रांची के मैनेजमेंट कान्क्लेव के दूसरे दिन हेल्थकेयर, एडटेक व टेक्नोलाजी सेक्टर से जुड़े वरीय प्रबंधकों ने किया प्रेरित

जागरण संवाददाता, रांची: आइआइएम रांची में आयोजित मैनेजमेंट कान्क्लेव 2025 के दूसरे दिन रविवार को प्रबंधन कार्यक्षेत्र में आवश्यक गुणों और अवसरों पर गहन चर्चा हुई। देशभर के विभिन्न कार्पोरेट सेक्टर के वरीय पदाधिकारी और प्रबंधकों ने विद्यार्थियों को नवाचार के साथ कार्यक्षेत्र में फुर्तीले बने रहने की प्रेरणा दी। कान्क्लेव में हेल्थकेयर, एडटेक, लाजिस्टिक्स और टेक्नोलाजी जैसे विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने उद्योग और उद्यमिता में सफलता के मार्ग साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. राजीव वर्मा, चेयरपर्सन, कार्पोरेट रिलेशन एंड प्लेसमेंट कमेटी ने की।

उन्होंने कहा कि आज के युग में नवाचार के माध्यम से ही नए अवसरों की खोज संभव है। विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र में निरंतर सीखने की प्रवृत्ति के साथ रचनात्मकता से कार्यक्षेत्र की संस्कृति को बदलने की प्रेरणा दी गई।

आइआइएम रांची में मैनेजमेंट कान्क्लेव में व्याख्यान देते विशेषज्ञ • जागरण

कान्क्लेव में बिप्लब घोष, बिजनेस हेड आर्थोपेडिक्स, मेरिल (एपीएसी) ने युवा विद्यार्थियों को आज के कार्पोरेट परिदृश्य के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने हेल्थकेयर सेक्टर में हो रहे परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए बताया कि 2023 तक भारत के हास्पिटल सेक्टर में 132 बिलियन डालर का व्यापार हुआ है। ऐसे में हेल्थकेयर सेक्टर का भविष्य उज्ज्वल है, जिसके लिए रचनात्मक सोच वाले युवा प्रबंधकों की आवश्यकता है। गीतिका कोहली, हेड पार्टनरशिप्स एंड अलायंसेज, टीमलीस एडटेक ने अनिश्चितताओं के दौर में समावेशी नवाचार को बढ़ावा देने में टेक्नोलाजी की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने एआइ के सही उपयोग का सुझाव दिया।

टीडीफि के आपरेशंस डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता ने इनोवेशन को अपनाने और उसे आदत में शामिल करने की बात कही। समापन सत्र में आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया की लीड स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स कनुप्रिया जैन ने एआइ के दौर की चुनौतियों और अवसरों को अपनाते हुए प्रबंधन कौशल में सशक्त होने की प्रेरणा दी। इस प्रकार, कान्क्लेव ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए आवश्यक कौशल और दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

आइआइएम रांची में एमबीए बैच की शुरुआत

जागरण संवाददाता, रांची: आइआइएम रांची में एमबीए (एग्जीक्यूटिव) समर प्रोग्राम 2025-27 के 16वें बैच का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्राध्यापक, उद्योग जगत के अधिकारी और पूर्ववर्ती छात्रों ने नए सत्र में शामिल वर्किंग प्रोफेशनल्स का स्वागत किया। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कोर्स की प्रासंगिकता और व्यावहारिकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह कोर्स प्रतिभागिता केंद्रित शिक्षण, वास्तविक अवसरों का अनुभव और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति पर आधारित है। विशिष्ट अतिथि जयेश पवार, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रेसिडेंट, ने छात्रों को नए कौशल विकसित करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अमित शुक्ला, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलाजीज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ने सफलता के लिए निरंतर प्रयास और नई चीजें सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. राजीव रंजन कुमार, एमबीए (एक्जीक्यूटिव) प्रोग्राम के चेयरपर्सन ने बताया कि इस वर्ष 187 आवेदकों में से केवल 35 का चयन किया गया है, जो कोर्स की गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को एक मजबूत पेशेवर नेटवर्क बनाने और औद्योगिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर बताया। पूर्ववर्ती छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए नए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

आइआइएम रांची में समर प्रोग्राम का उद्घाटन करते निदेशक व अन्य • जागरण

Dainik Jagran_21.07.2025_P. 4

आइआइएम रांची में एमबीए एग्जीक्यूटिव का बैच शुरू

बैच की शुरुआत के अवसर पर निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और अन्य.

संवाददाता, रांची

आइआइएम रांची में एमबीए एग्जीक्यूटिव समर प्रोग्राम 2025-27 के 16वें बैच की शुरुआत हुई. इस अवसर पर संस्थान के प्राध्यापक, उद्योग जगत के पदाधिकारी और पूर्ववर्ती छात्रों ने नयी सत्र में शामिल वर्किंग प्रोफेशनल्स का स्वागत किया. आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कोर्स तीन प्रमुख विशेषताओं पर आधारित है, पहला प्रतिभागिता केंद्रित शिक्षण पद्धति, दूसरा वास्तविक अवसरों से रूबरू होने का अवसर और तीसरा निरंतर सीखने व आगे बढ़ने की प्रवृत्ति.. प्रत्येक सत्र नये अवसरों को एक नये नजरिये से देखने का अवसर देती है जिससे प्रबंधन की अवधारणाओं का तलाश करना संभव होता है. मुख्य अतिथि सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजी अमित शुक्ला ने कहा कि सफलता के लिए केवल प्रतिभाशाली होना जरूरी नहीं, लगातार प्रयास करते हुए नयी चीजों को सीखना भी सफलता की ओर ले जाता है. विशिष्ट अतिथि प्रेसिडेंट सह प्लांट हेड, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड जयेश पवार ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जहां आपको विभिन्न कार्यक्षेत्र का अनुभव मिलेगा, साथ ही प्रबंधन जगत की चुनौतियों को समझ सकेंगे. एमबीए एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम के चेयरपर्सन प्रो. राजीव रंजन कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पाठ्यक्रम खासतौर पर वर्किंग प्रोफेशनल्स की जरूरतों, मार्केट की डिमांड और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है.

Prabhat Khabar_21.07.2025_P. 6

आईआईएम रांची में एमबीए (एग्जीक्यूटिव) समर प्रोग्राम के 16वें बैच की शुरुआत

रांची | आईआईएम रांची में एमबीए (एग्जीक्यूटिव) समर प्रोग्राम 2025-27 के 16वें बैच की शुरुआत हुई। नए सत्र में शामिल वर्किंग प्रोफेशनल्स का स्वागत किया गया। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने एमबीए एग्जीक्यूटिव कोर्स को प्रासंगिक और व्यावहारिक बताया। उन्होंने कहा कि कोर्स तीन प्रमुख विशेषताओं पर आधारित हैं- पहला- प्रतिभागिता केंद्रित शिक्षण पद्धति, दूसरा- वास्तविक अवसरों से रूबरू होने का अवसर और तीसरा- निरंतर सीखने व आगे बढ़ने की प्रवृत्ति। विशिष्ट अतिथि प्रेसिडेंट सह प्लांट हेड हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जयेश पवार ने छात्रों को नए अवसर की राह में बढ़ते हुए नए कौशल और ज्ञान को निखारते रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अमित शुक्ला, प्रो. राजीव रंजन मौजूद थे।

Dainik Bhaskar_22.07.2025_P. 04